## स्कूल में योगाभ्यास करवाया

**सादुलपुर, (निसं)।** सांखू फार्ट के राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रधानाचार्य सांवरमल कालेर के सानिध्य में आयुष हेल्थ वैलनेस सेन्टर राजकीय होम्योपैथिक ओषधालय के जिला योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ ग्राम विकास गीत प्रस्तुत कर हुआ।

योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने विभिन्न योगासनों, सूक्ष्म व्यायाम, यौगिक क्रियाओं प्राणायाम भस्त्रिका, कपालभाती, भ्रामरी, उदगीथ व प्रणव ध्वनि का अभ्यास करवाते हुए इनकी विधि, टाइमिंग, निरंतरता, ध्यानपूर्वक के साथ-साथ लाभ हेतु सावधानियां रेखांकित की। प्रधानाचार्य कालेर ने करतल ध्वनि से योगाचार्य का स्वागत करते हुए योग-युक्त नशा मुक्त जीवनशेली अपनाकर अपनी ऊर्जा सकारात्मक सृजनात्मक राष्ट निर्माण के कार्यों में लगाने का आव्हान किया। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग विज्ञान की महत्ता बतलाई। शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं को नियमित योगाभ्यास शुरू करने, अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, गृह वाटिका से भूमि सुपोषण कर सिंगल यूज प्लास्टिक का निस्तारण श्रेष्ठ भारत बनाने का संकल्प दिलाया।

# सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश को नहीं मिल रहा आश्रय

**चूरू, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप चूरू में सड़कों पर विचरण कर रहे बेसहारा एवं निराश्रित गौवंश को आश्रय नहीं मिल रहा है। इन पशुओं से आमजन की सुरक्षा को खतरा ही खतरा है।

इस संबंध में जिला गोपालन समिति अध्यक्ष व जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के प्रयास कब रंग लाएंगे, ये पता नहीं है। हालांकि जिले में पशुपालन विभाग व

■ **इन पशुओं से आमजन की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है**

स्थानीय निकायों के सहयोग से 4202 निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में संधारित कर समुचित देखभाल करने का दावा किया जा रहा है। चर्चा है कि गौशाला भिजवाए गए गौवंश को नियमानुसार टैग लगाकर गौशाला के रिकॉर्ड में तो लिया जाता है, परन्तु उन्हें कुछ ही घंटों में वापस खुला छोड़ दिया जाता है। खुद पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. ओम प्रकाश के कार्यालय के आगे दर्जनों आवारा गौवंश को विचरण करते



चूरू शहर में सड़कों पर बेसहारा-निराश्रित गौवंश घूमते रहते हैं।

हुए देखा जा सकता है। इसी प्रकार नगरपरिषद के आगे भी आवारा गौवंश का आज भी जमावड़ा लगा हुआ है। यहां सीएम बहड़ सर्किल, पंचायत समिति के पास, जौहरी सागर के पास, बहड़ सर्किल से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर आवारा गौवंश आमजन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। यहां युसुफ खान ने बताया कि पंखा रोड़ पर नानी बाई मरदा स्कूल के आगे आए दिन साण्डों से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद व प्रशासन में कोई देखने वाला नहीं है। युसुफ खान ने यहां हादसों में कई जनों को चोटें लग चुकी हैं। इसी प्रकार चन्द्र प्रकाश ढंढ ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पशुओं को गौशाला में भेजने की बात लीपापोती के सिवाय कुछ भी नहीं है।

कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि सिर्फ कागजी दिखावे से समस्या का सामाधान नहीं होने वाला है। धरातल पर काम करने से ही आमजन को राहत मिल सकेगी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा पूरी हो सकेगी।

## राजेन्द्र राठौड़ को विद्युत कार्मिकों ने ज्ञापन दिया

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर के विद्युत कार्मिक भवन में पहुंचे राजेन्द्र सिंह राठौड (पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार), देवेंद्र झाझडिया भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चूरू, भाजपा के जिला मंत्री कौशल पूनिया का विद्युत कर्मचारियों द्वारा स्वागत सत्कार किया व भारतीय मजदूर संघ के बैज मेडल पहनाकर अभिनंदन किया गया।

विद्युत कर्मियों की वाजिब मांग 12 वीं पास अनुकम्पा धारी कार्मिकों को कनिष्ठ लिपिक बनाने व चूरू जिला मुख्यालय पर 400 केवी जीएसएस बनाने की मांग की गई।

इस मौके पर जोधपुर डिस्कोम के पूर्व एमडी एन.एम. चौहान, जोधपुर डिस्कोम श्रमिक संघ के डिस्कोम महामंत्री सतीश राठौड, जिलाध्यक्ष अमर सिंह स्वामी, संयुक्त व्यवस्था परिषद (जेएमसी), ऊर्जा विभाग के सदस्य व चूरू जिला महामंत्री महेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता शहरी दिनेश यादव, महेन्द्र शर्मा, नरेश कुमार, माँगेराम सहारण, कृष्ण मोहन सहारण (तारानगर), सोमवीर जनावा, मुकेश सैनी, विक्रम दनेवा व लीलाधर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 577 पौधे लगाने का लक्ष्य



**चूरू, (कासं)।** कबीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रधानाचार्य अशोक कुमार पारीक के निर्देशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य पारीक ने बताया कि विद्यालय में विभाग की ओर से 577 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी व अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक पौधरोपण में भाग लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को इनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रधानाचार्य अशोक कुमार पारीक ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का मूल आधार हैं। पौधों के बीना जीवन अधूरा है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिये। इस अवसर पर कुन्तेश सोनी, ललिता सैनी, रामनिवास, सीमा कुमारी दहिया, महेंद्र पाल सिंह, ऐरावत सिंह, वृक्षारोपण प्रभारी लालचंद व पवन कुमार गौड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे। संस्था प्रधान अशोक कुमार पारीक ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### बालक छात्रावास में प्रवेश प्रारम्भ

**चूरू, (कासं.)।** जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास 50 बेड में सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रारम्भ हैं। जिला अल्पंख्यक कल्याण अधिकारी अनीश खान ने बताया कि छात्रावास में प्रवेश हेतु कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं, पाठ्यक्रमों, विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षण संस्थाओं, व्यावसायिक संस्थाओं आदि में नियमित रूप से अध्ययनरत मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध व ईसाई आदि अल्पसंख्यक वर्ग के इच्छुक छात्र 15 जुलाई 2024 तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रावास में नि:शुल्क ठहरने व खाने-पीने की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था व आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अधिक जानकारी हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय या विभागीय वेबसाइट पर विजिट किया जा सकता है।

### विधायक के जन्मदिन पर पौधारोपण



**तारानगर, (निसं)।** तारानगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तारानगर विधायक किसान नेता बुड़ानिया का 68वां जन्म दिवस सामाजिक कार्यों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने विधायक के निजी निवास पर पौधारोपण किया इसी प्रकार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के मां जालपा देवी महाविद्यालय में पौधारोपण किया। कार्यकर्ताओं ने विधायक बुड़ानिया को मिठाई खिलाकर उनके जन्म दिवस की बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक बुड़ानिया ने कहा आपने जो मुझे प्यार दिया है मैं इसका कभी कर्ज नहीं चुका सकूंगा, मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। इस मौके पर प्रधान संजय कस्वां ने कहा विधायक बुड़ानिया के परिवार का सारा जीवन संघर्षमय रहा है। इनके परिवार के लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। उधर सोशल मीडिया पर पूरे दिन जन्म दिवस की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इस मौके पर मोहरसिंह ज्याणी, भागीरथ भामी, मुंशी खाँ तेली, सहदेव सिंह भाटी, माणक बेद, विनोद कुमार यादव, दिनेश शर्मा, मानसिंह सैनी, संतलाल नाई, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, आशिफ़ इक़बाल, विकास धेतरवाल, सुरेन्द्र पूनियाँ, सुरजीत वर्मा, बुँदे खाँ लुहार, बाबू हुसैन कुरैशी, हेतराम प्रजापत, दलीप खाँ, कुंदन सैनी, शरीफ लुहार, मगनगिर गोस्वामी, बाबूलाल सैनी, कुंदन सैनी, असरफ बिसायती, चंदन डोटासरा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### मां के नाम एक पौधा लगाया



**सादुलपुर, (निसं)।** शहीद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हडियाल में प्रधानाचार्य बिजेंद्र स्वामी की अध्यक्षता में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट सुभाष राठोड मानपुरा ने अपने हाथों से पौधारोपण किया और राजगढ और तारानगर तहसीलों के विभिन्न क्षेत्रों, विद्यालयों, सार्वजानिक स्थानों पर 01 हजार 111 पौधे लगवा कर उनकी जिम्मेदारी छात्रों और समाज सेवकों तथा प्रर्यावरण प्रेमियों को दी। सुभाष राठौड ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार की इस शानदार योजना को जन जागृति फैला कर जन आन्दोलन बनाना है। इस लिए हमें एक पेड मां के नाम कार्यक्रम शुरू कर पेडों की देखभाल करनी है और जब हम घर से बाहर हो तो हमारी माताएं और बहने जो घर में रहती हैं उन्हें पौधों की देखभाल करने का दायित्व सौंपना होगा। कार्यक्रम प्रभारी इन्दु कुमार गोस्वामी मंत्री गर्भस्थ शिशु सरंक्षण समिति ने बताया कि जून में एडवोकेट सुभाष राठोड मानपुरा की माता ब्रह्मा देवी का देहांत हो गया था और ब्रह्मा देवी पर्यावरण प्रेमी थी। उन्होंने अपने जीवन में खूब पौधे लगाए और उनकी देखभाल की। उसी कार्य को आगे बढाते हुए एडवोकेट सुभाष राठोड मानपुरा ने पौधे लगवाने और उनकी देखभाल करने का फैसला लिया है।

# पूर्व सांसद अहलावत के जन्मदिन पर रक्तदान किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** भाजपा की प्रदेश महामंत्री एवं झुंझुनूं की पूर्व सांसद संतोष अहलावत के जन्मदिन पर शनिवार को जिले में विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यालय के राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान करने वालों का हौंसला बढाने के लिए खुद प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत पहुंची। इस शिविर में 257 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश खाजपुरिया, भाजपा के जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल, भाजपा नेता राजेंद्र भांबू, पूर्व पार्षद एवं भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जानूं, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, जिला परिषद सदस्य उम्मेद निर्वाण, रणवीर नाडा, पूर्व प्रधान कविता यादव, कृष्ण गावड़िया, इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया व पूर्व सभापति खालिद हुसैन समेत अन्य मौजूद थे। सभी ने अहलावत को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर अहलावत ने कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटा। इससे पहले अस्पताल परिसर में पहुंचने पर फूलों की बारिश कर अहलावत का स्वागत किया। जिसके बाद पौधारोपण किया गया। इसके अलावा जिले के कई कस्बों और गांवों में पौधे लगाकर, मरीजों को फल बांटकर और गरीबों की सेवा कर संतोष अहलावत का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर अहलावत ने कहा कि वे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आखिरी सांस तक खड़ी रहेगी। उप चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल पर संतोष अहलावत ने कहा कि भाजपा झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र का उप चुनाव हर हाल में जीतेगी।

## एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं : ढूकिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के अंतर्गत अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया व जिला मंत्री महेंद्र चंदवा ने पौधारोपण किया।

इस अवसर पर ढूकिया ने कहा कि एक-एक पेड़ महत्वपूर्ण है। वे जीवन के लिए आवश्यक हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते है, कार्बन डाइऑक्टसाइड को फिल्टर करते है, मिट्टी के कटाव को रोकते है, पारिस्थतिक संतुलन बनाए रखते है। इसके अलावा वे हमें भोजन, आश्रय और कई उपयोगी चीजें प्रदान करते है।

चंदवा ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि उनका रख-रखाव करना बहुत जरुरी है। इस अवसर पर संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया, प्राचार्या निधि सिहाग, शुभकरण खीचड़ एवं विद्यार्थियों सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के साथ मारपीट कर नकदी लूटी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने मोहता कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के साथ मारपीट कर साढे तीन लाख रुपये छीनकर ले जाने के आरोप के पर्चा बयान पर शुक्रवार रात्रि को मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी पुर्ष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि सपरा अस्पताल हिसार में उपचाराधीन बिलकुपाल पुत्र हरफूल जाट (30) निवासी लसेडी पीएस राजगढ़ ने पर्चा ब्यान में बताया कि 4 जुलाई को वह राजगढ़ गया हुआ था, जहां से उसने अपने दोस्त कुलदीप पुत्र जयचन्द जाट निवासी राजगढ़ से साढ़े तीन लाख रूपये उधार लिये और राजगढ़ में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर अपने गांव जा रहा था। रात्रि करीब 8.30 बजे के आसपास लसेडी टोल नाका पर पहुंचा और अमित पायल को

■ **पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के पर्चा बयान पर राजगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज किया**

फोन किया कि मैं रूपये लेकर आ गया हूं, आप घर पर आकर रूपये ले जाओ। तब अमित ने कहा कि आप बस स्टेण्ड पर ही रूक जाना मैं अभी थोड़ी ही देर में आ रहा हूं। तब वह रात्रि करीब 8.35 बजे के आसपास पुलिया से आगे स्टेण्ड पर पहुंचा तो उम्मेद मेघवाल अपनी दुकान पर था। तब वह अपनी गाड़ी खड़ी करके उसकी दुकान पर चला गया। वहां पर मंगतु राम उर्फ पवन पुत्र महावीर जाट निवासी लसेडी भी बैठा था तथा वह और मंगतु राम उर्फ पवन बैठकर आपस में बात करने लगे। मंगतुराम उर्फ पवन माल्टा शराब पी रहा था, तो वहां पर उसने भी आधी बीयर की बोतल पी ली। आरोप है कि इतने में अचानक मंगतुराम उर्फ पवन ने उसे रोककर मारपीट शुरू कर दी तथा उसके हाथ में कोई नुकीली चीज थी, फिर उसने अपने हाथ में लिये स्टील के गिलास से उसके हाथो व सीर पर मारना शुरू कर दिया। इसके हाथ में ली हुई साढ़े तीन लाख से भरी हुई रूपयों की थैली को मंगतुराम उर्फ पवन ने छीन लिया। इसी बीच दुकानदार उम्मेद ने बीच-बचाव कर उसे छुड़वाया तो मंगतुराम उसकी रूपयों से भरी हुई थैली को छीनकर अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां से चला गया। इतने में वहां पर अमीत भी पहुंच गया। उसके ज्यादा चोट लगने के कारण जगदीश व सुरेन्द्र आदि उसे ईलाज हेतु राजगढ़ लेकर गये। जहां से उसे हिसार रैफर कर दिया।

# खेतों का रास्ता खुलवाने की अर्जी पर नहीं हुई कार्रवाई

**चूरू, (कासं)।** बारिश होते ही लोहसना छोटा गांव के आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों का दबंगों ने रास्ता बंद कर दिया था। पीड़ित किसानों ने एक जुलाई को चूरू के तहसीलदार के कार्यालय में उनके नाम रास्ता खुलवाने के लिए एक अर्जी दी एवं एक अर्जी एस डी एम को दी। एस डी एम ने तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिए लिख दिया।

उस दिन तहसीलदार उप चुनाव की मतगणना के कार्य में लगे थे, उनके ऑफिस में कार्यरत व्यक्ति ने उनके नाम आई अर्जी को ही दबा दिया। किसानों की सुनवाई नहीं हुई तो बात मीडिया तक चली गई। इस पर चूरू तहसीलदार सुरेन्द्र

■ **तहसीलदार ने पटवारी को बुलाकर कार्रवाई करने के आदेश दिए**

पाल ने बताया कि उनको आज तक किसानों द्वारा दी गई अर्जी नहीं मिली है। तहसीलदार सुरेन्द्र पाल ने कहा कि मैंने आज ही पटवारी को बुला लिया है और ढूंढ के कार्रवाई करने के आदेश देता हूं।

गांव लोहसना छोटा के जगदीश पुत्र चंद्रा राम जाट, सुरेश कुमार पुत्र भंवर सिंह जाट, कमल कंवर पत्नी भंवर सिंह राजपूत, कृष्ण सिंह पुत्र हनुमान सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह पुत्र हनुमान सिंह राजपूत, संतोष देवी पत्नी हनुमान दास स्वामी, शशि कुमार पुत्र बजरंग लाल जाट, राजू सिंह पुत्र भानी सिंह राजपूत और कमल कंवर पत्नी कल्याण सिंह राजपूत ने सोमवार को तहसीलदार चूरू के नाम उनके ऑफिस में ज्ञापन देकर बताया कि उनके खेतों में सदामत से जाने वाली पगडंडी का रास्ता उन्हीं के गांव के नरेंद्र सिंह पुत्र बजरंग सिंह राजपूत, संतोष पत्नी मदन सिंह राजपूत और सुरेश पुत्र मदन सिंह राजपूत ने बंद कर दिया है। इस रास्ते के अलावा उनका खेतों में जाने का कोई और रास्ता नहीं है। ऐसे में इस 100 साल पुरानी पगडंडी रास्ते को तुरंत खुलवाया जाए।

## प्रतिभाओं का सम्मान किया

**कोलसिया, (निसं)।** कोलसिया के शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलसिया में प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 में व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 में सर्वोच्च अंक एवं प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्राओं एनएमएस 2024 में चयनित छात्राओं 2022 व 2023 में स्टेट मेरिट में पीसी टेबलेट प्राप्त करने वाली छात्राओं को माला पहनाकर व पेन देकर सम्मानित किया गया। नामांकन वृद्धि के लिए सभी को प्रयास करने को कहा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिशुपाल खेदड़ व विशिष्ट अतिथि शिंभूदयाल दूत, भामाशाह हेमंत दूत, नंदलाल दूत, सरपंच प्रतिनिधि महेश पारीक आदि मौजूद रहे।

# छात्रा कृतिका सैनी का किया सम्मान

**डूंडलोद, (निसं)।** स्थानीय डूंडलोद विद्यापीठ डूंडलोद की छात्रा रही कृतिका सैनी का भारतीय महिला वॉलीबाल एशियन चैंपियनशिप अंडर-20 का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने पर सम्मान किया गया। डीवीपी कोच रामकरण सिंह ने बताया कि कृतिका सैनी एवं टीना चौधरी ने भारतीय महिला वॉलीबाल एशियन चैंपियनशिप अंडर-20 की बैंगलोर में ट्रायल में भाग लिया था। जिसमें कृतिका सैनी ने शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम के टीम में चयन हुआ। जिसके बाद बैंगलौर के नेताजी सुभाषचंद्र साउथन सेंटर में एक महीने का प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त किया था। डीवीपी की दोनों छात्राएं टीना चौधरी एवं कृतिका सैनी ने पूर्व में भी कई बार राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। जिसमें टीना चौधरी ने सात बार राष्ट्रीय महिला वॉलीबाल टीम में खेलकर दो गोल्ड, दो सिल्वर एवं दो ब्रॉन्ज मैडल जीते है। जबकि कृतिका सैनी ने पांच बार खेलकर एक सिल्वर एवं दो ब्रॉन्ज मैडल जीतकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने पर डीवीपी सचिव मुकेश पारीक, प्राचार्य सतीशचंद्र कर्नाटक, सह सचिव सीताराम जीनगर, प्रबंध समिति के अनिल जसरापुरिया, हुसैन खान एवं पीईटी विकास भार्गव ने कृतिका को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर संगोष्ठी हुई

**चूरू, (कासं)।** दी चूरू सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. चूरू में शनिवार को 102वें अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग व विभिन्न संगठनों द्वारा सहकारिता के बारें में विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश सारस्वत ने की। केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबन्ध निदेशक मदन लाल शर्मा ने सहकारिता की मूल भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंक द्वारा शहरी एवं ग्रामीण के सभी वर्गों को सहकारिता से जोड़कर लाभान्वित किया है, लेकिन बैंक में स्टाफ का अभाव होने से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य नहीं हो रहा है। अत: केन्द्रीय बैंक में विभिन्न रिक्त पदों पर अतिशीघ्र भर्ती करवाने की अपील की गई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फतेहचन्द सोती ने सहकारिता के क्षेत्र में किये जाने वाले नवाचारों के बारे में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष सुभाष जांगिड़ ने सहकारिता के लाभों के बारे में जानकारी दी। जिला उपभोक्ता सहकारी होलसेल भण्डार के राजेन्द्र कुमार ठठेरा ने राज्य सरकार द्वारा संचालित आरजीएच योजना में निजी संगठनों को सम्मिलत किये जाने से सहकारी भंडार के हालातों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी संस्था कमजोर हो रही है, इससे सहकारिता के विकास को धक्का लगेगा। मुख्य प्रबंधक सर्वेष वर्मा ने सहकारिता के क्षेत्र में बैंक द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों के बारे में बताया।


# मैं खिलाड़ी हूं, हार मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं : देवेंद्र झाझडिया

**सादुलपुर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की ओर से शनिवार को धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया। अग्रसेन भवन में आयोजित सभा में भाजपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व उपप्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड व लोक सभा भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझडिया, चूरू विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश महामंत्री वासुदेव चावला, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, पंचायत

■ **सादुलपुर में भाजपा की धन्यवाद सभा का आयोजन**

समिति प्रधान विनोद देवी, सुमित्रा पुनिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड और लोकसभा चूरू से प्रत्याशी देवेंद्र झाझडिया का माला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर देवेंद्र झाझडिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद मैं यहां पर सभी का धन्यवाद करने आया हूं। उन्होंने कहा कि मैं खिलाडी हूं और हार जीत होती रहती है, हार मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा सबसे बडी बात तो यह है कि मैं जिस क्षेत्र से खेलकूद व पढाई करके मैं अपने देश का नाम रोशन किया और उसी जगह से में पीछे रह गया। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि कई लोग पार्टी में रह गए काम कुछ और कर गए। उन्होंने कहा कि मैं महीने में हर





सभा में राजेन्द्र राठौड व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझडिया का भव्य स्वागत किया।

विधानसभा में जनसुनवाई करूंगा, लेकिन मैं सादुलपुर क्षेत्र में एक महीने में दो बार जनसुनवाई करूंगा। उन्होंने कहा क्षेत्र के लिए विकास के काम में कोई भी कमी नहीं आने दूंगा।

पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड ने संबोधित करते हुए कहा कि क्यों कैसे, किस कारण से हमारी पराजय हुई, किसके मुंह में राम और किसके बगल में छुरी थी, लेकिन अब नए दौर में लिखेंगे विकास की कहानी। उन्होंने कहा कि देवेंद्र झाझडिया और हरलाल सहारण के नए दौर में इस जिले की राजनीति को नए दौर में लेकर जाएंगे। साथ ही सादुलपुर में कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में लूट, चोरी जैसे मामले बढ़े, लेकिन अधिकारी अब अपना मन बदल ले, राजस्थान में भजन लाल की सरकार है। वहीं राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कुछ लोग फेसबुक पर रिंग रोड को लेकर वाही वाही लूट रहे हैं, उनको मैं कहना चाहता हूं कि ये काका का राज नहीं है ये मोदी का राज है जो काम होता है, मोदी सरकार से होता है, अगर राहुल कस्वा रिंग रोड लेकर आए हैं तो उन्हे मोदी जी का धन्यवाद करना चाहिए। भाजपा जिला मंत्री संदीप काजला ने कहा कि ग्रामीण अंचल के लोग वन भूमि में लंबे समय से निवास करते हैं पूर्ववर्त सरकार के द्वारा उनको नोटिस दिए गए। उन्हें अपने घर टूटने-बेघर होने का डर है, इसलिए सरकार उनके घर के लिए कोई समाधान निकाले एवं किसी भी गरीब का आशियाना टूटना नहीं चाहिए। संदीप काजला ने ग्रामीण अंचल में पेयजल, बिजली, टूटी हुई सडकों की समस्याओं से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड को अवगत कराया। इस पर राजेंद्र राठौड ने कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर किसी भी गरीब के साथ अन्याय नहीं होने देगी। बिजली, पानी, सडक इत्यादि समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा।

## शहीद दशरथ यादव का शहादत दिवस मनाया

**खिरोड़, (निसं)।** बसावा गांव के लाडले व देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले कारगिल शहीद दशरथकुमार यादव का 25वां शहादत दिवस शनिवार को उनके स्मारक स्थल पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ प्रधान व कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा थे।

जिन्होंने कहा कि असली तीर्थ तो शहीदों के स्मारक है। तीर्थ यात्रा यहीं से लोग को शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि जब भी बच्चे गांव के लोग शुभ काम के लिए जाएं। तो शहीद की मूर्ति के सामने माथा टेक कर जाए। जिससे उनकी मनोकामना पूरी हो सके। उन्होंने कहा अगर कोई आदमी शहीद की मूर्ति के सामने माथा टेकर जाता है तो उनकी मनोकामना पूरी होती है। बसावा गांव के लाडले शहीद दशरथ ने अपने प्राणों की आहुति देश के लिए दी है। हम सबका फर्ज बनता है। उनकी याद को चिरस्थाई बनाए रखे। प्रधान ने शहीद स्मारक और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसावा में शहीद की याद में पौधारोपण किया। सर्वप्रथम शहीद को माला अर्पण प्रधान दिनेश सुंडा, खिरोड़ सरपंच महावीर भांबू ने नमन किया। कार्यक्रम को नरेंद्र कढवाल, शहीद के छोटे भाई कैलाश यादव ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर शहीद की वीरांगना दुर्गा देवी पुत्र डॉ. योगेंद्र, बजरंगलाल जांगिड़, महेंद्र ढाका, नवरंग दूत, हेमाराम खेदड़, प्रकाश गवारिया सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राष्ट्रीय गान गाकर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई।

## भाजपाईयों ने पौधारोपण किया

**चिड़ावा, (निसं)।** भाजपा शहर मण्डल श्याम मन्दिर शक्ति केंद्र के बूथ 190 पर बावलिया बाबा मंदिर के पास शिव पार्क में भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहीया की अगुवाई में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। वहीं कोर्ट रोड, राजकला स्कूल और विवेकानंद चौक के समीप कबीर टीला शक्ति केंद्रों पर भी पौधारोपण किया गया व पौधों का वितरण किया गया।


**नाम परिवर्तन**

मैं रोहिताश कस्वां पुत्र श्री श्रवण कुमार आयु 37 वर्ष जाति जाट निवासी डाबडी छोटी तहसील तारानगर जिला चूरू (राज.) का शपथ पूर्वक बयान करता हूॅ कि मैं असम राइफल में सैनिक नंबर 5008384-K, रैंक RFN/GD पद पर कार्यरत हूॅ मैं बयान करता हूॅ कि मेरी पत्नी का नाम कांता कुमारी है जो उसके आधार नंबर 707151867930 मैं व पैन नंबर HXKPK7456N है तथा उसकी शिक्षा में अंक तालिका में कांता कुमारी नाम अंकित है तथा मेरी सेवा पुस्तिका में मेरी पत्नी का नाम अज्ञानता बस कांता देवी अंकित करवा दिया जो गलत है मेरी सेवा पुस्तिका में मेरी पत्नी का नाम कांता देवी की बजाय आधार कार्ड पैन कार्ड व अंक तालिका अनुसार कांता कुमारी अंकित किया जाना उचित वह मेरे हित में है मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूॅ कि इस शपथ पत्र में लिखे मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही एवं सत्य है।

शपथग्रहिता-रोहिताश